




नवभारत
भोपाल, मंगलवार, 19 मई, 2026

### एक नजर में

### पुष्पद बने खरिया पंचायत के अध्यक्ष



**सारंगपुर 18 मई, सं.** फूलमाली समाज मोहल्ला खरिया पंचायत की एक अहम बैठक सकल पंच फुलमाली समाज सचिव गोरी लाल पुष्पद की अध्यक्षता में बैठक मोहल्ला खारिया में संपन्न हुई. जिसमें शिव नारायण पुष्पद पूर्व पार्षद को मोहल्ला खारिया पंचायत के अध्यक्ष सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया. बैठक में केसर सिंह पुष्पद, मदनलाल पुष्पद ,रामेश्वर पुष्पद, पूर्व अध्यक्ष रवि पुष्पद ,अनोखी लाल पुष्पद,देवचंद पुष्पद जालम सिंह उस्ताद आदि समाज के वरिष्ठजन एवं युवाओं ने भाग लेकर समाज को मजबूत बनाने और सामाजिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने पर चर्चा की. नवनियुक्त अध्यक्ष शिवनारायण पुष्पद पूर्व पार्षद ने समाज के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे समाजहित में मिलजुलकर कार्य करेंगे. इस अवसर पर समाजजनों ने पुष्पमाला एवं अंग वस्त्र से उनका स्वागत कर शुभकामनाएं दीं.

### जनसुनवाई के आवेदन पर प्रशासन गंभीर

**राजगढ़ 18 मई, का.** जिले में जनसुनवाई के माध्यम से आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में प्रशासन लगातार संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ कार्य कर रहा है. इसी र्कम में तहसील खुजनेर अंतर्गत जनसुनवाई में प्राप्त आवेदक रामलाल पिता मांगीलाल निवासी घोड़ाखेड़ा के भूमि संबंधी आवेदन का राजस्व विभाग द्वारा मौके पर जांच कर विधिसम्मत निराकरण किया गया. आवेदक रामलाल द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे संबंधी शिकायत प्रस्तुत की गई थी. मामले को गंभीरता से लेते हुए तहसील प्रशासन द्वारा राजस्व अभिलेखों, पूर्व कार्रवाई एवं न्यायालयीन दस्तावेजों का विस्तृत परीक्षण किया गया. साथ ही राजस्व दल ने मौके पर पहुंचकर भूमि की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण कर संबंधित पक्षों से जानकारी प्राप्त की. जांच के दौरान यह पाया गया कि संबंधित भूमि प्रकरण में पूर्व में भी राजस्व विभाग द्वारा नियमानुसार कार्रवाई कर कब्जा हटाने की कार्यवाही की जा चुकी थी.

### साथिया ब्रिगेड बैठक का आयोजन

**जीरापुर 18 मई, सं.** ब्लॉक अंतर्गत ग्राम परोलिया में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत साथिया ब्रिगेड बैठक आयोजित की गई. जिसमें मुख्य रूप से राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम भोपाल के राज्य सलाहकार साकेत शुक्ला , लखन सिंह शाखा प्रबंधक भोपाल, एवं वरुण दूबे कार्यक्रम समन्वयक उपस्थित हुए. परोलिया शासकीय माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित बैठक में किशोर एवं किशोरी साथिया के ब्रिगेड सदस्यों का परिचय हुआ तत्पश्चात राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के उद्देश्य एवं प्रमुख मुद्दो पर चर्चा की गई. इस अवसर पर प्रशिक्षक अनुराग दांगी, अनुसुईया ठाकुर, नृसिंह दॉगी, आशा कार्यकर्ता रेखा शर्मा, सीमा भावसार, रेखा मेवाड़े, समस्त किशोर एवं किशोरी साथिया एवं साथिया ब्रिगेड के समस्त किशोर किशोरी उपस्थित रहें.

---

**तप गई जेठ की दुपहरी**

**45 .6**

**सोमवार को तापमान पहुंचा 45 .6 डिग्री घरों में दुबके लोग इधर बिजली कटौती ने परेशान किया**

# उफ्फ गर्मी : हीट वेव ले रही परिंदों की जान

## आसमान से आग बरसी, भट्टी की तरह तपा वातावरण, भीषण गर्मी के बीच हलाकान लोग

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 18 मई, का. प्रदेश में पिछले दो दिनों से पारा जबरदस्त उछाल पर है. हीट वेव जारी है. वहीं इस भीषण गर्मी में रेस में राजगढ़ जिले ने सबको पीछे छोड़ दिया है. रविवार को जहां तापमान 45 डिग्री पहुंच गया था वहीं दूसरे दिन सोमवार को भी हीट वेव के साथ पारा उच्चतम मानक पर रहा. वहीं इसका सबसे ज्यादा असर पक्षियों पर हो रहा है.**

पक्षी हीट वेव के चलते दम तोड़ रहे है. पिछले दो दिनों में कई जगहों पर पक्षियों के दम तोड ?र गिरने की खबर और फोटो सामने आए है. तेज लू, गर्मी और पेड़ों की पर्याप्त छांव और पानी नहीं मिलने से ये दम तोड़ रहे है. वहीं अस्पतालों में भी मरीजों की संख्या बढ़ रही. पिछले एक सप्ताह से जारी तेज गर्मी ने जनजीवन हलाकान कर दिया है.

### धूप और हीट वेव में तड़पकर जान गंवा रहे मासूम पंछी



ब्यावरा में पुराना अस्पताल परिसर की छत पर तोता गर्मी से मृत पाया गया.



ब्यावरा में परम सिटी कॉलोनी में कबूतर सड़क पर मरकर गिर गया.

### खजुराहो और नौगांव के बाद सर्वाधिक गर्म राजगढ़ जिला

**पिछले 5 दिनों का तापमान**

18 मई–45 .6 डिग्री
17 मई–45 डिग्री
16 मई– 44 .3 डिग्री
15 मई– 43 .9 डिग्री
14 मई– 43 डिग्री

**पिछले 5 वर्षों में 18 मई का तापमान**

2026– 45 .6 डिग्री
2025– 41 डिग्री
2024–45 डिग्री
2023– 42 डिग्री
2022– 44 डिग्री

प्रदेश में खजुराहो सोमवार को सर्वाधिक तपा. यहां पारा 46 डिग्री को पार कर गया. जबकि इसके बाद दूसरे नंबर पर नौगांव रहा. यहां भी पारा 46 पर रहा. तीसरे नंबर पर राजगढ़ जिला रहा. यहां तापमान 45.6 डिग्री आंका गया है जो कि एक दिन पूर्व रविवार से भी ज्यादा है.

### स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन ने की अपील

इधर जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने एडवायजरी जारी है. आम नागरिकों से अपील की गई है कि अति आवश्यक और आपात स्थिति में ही घर से निकले. अन्यथा दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक घरों, छायादार स्थानों, ऑफिसों में ही रहें. बाहर निकलने का जोखिम ना लें. इधर प्रशासन ने उपार्जन केन्द्रों पर किसानों की अच्छी उपस्थिति को देखते हुए पर्याप्त छांव, पानी की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए है. साथ ही किसानों को छायादार स्थानों पर रहने, घर से बच्चों महिलाओं को नहीं लाने और पानी बार–बार पीते रहने की अपील की है.

### अभी एक पखवाड़े तक एहतियात बरतने की जरूरत


–घरों से निकलने से पहले पानी जरूर पीएं, भूखे पेट धूप पर ना निकलें.
–सफेद गमछा और कपड़ा सिर और चेहरे पर ढांककर चलें.
–बच्चों को 11 बजे के बाद घरों से निकलने ना दें.
–अनावश्यक घरों से ना निकले, जरूरी काम सुबह जल्द और शाम को निपटाएं.
–लू लगने, डिहायड्रेशन की स्थिति डॉक्टर से परामर्श लें

### एक सकोरा लगाने में हर्ज क्या है

पक्षियों के इस तरह दम तोडने़ से कई पर्यावरण प्रेमियों और लोगों ने चिंता जाहिर की है. पक्षी हमारे ईकोसिस्टम का अभिन्न अंग है. लोगों ने घरों, पेड़ों और छतों पर पानी के सकोरे लगाए है. लेकिन कई आम स्थानों और पार्कों में अब भी सकोरे नहीं लगे है. ऐसे में वहां पक्षी मर रहे है. नरसिंहगढ़ में प्रियंवदा पाठक नामक बालिका ने अपने घर के बगीचे में सकोरे लगाए है. वहीं ब्यावरा के शहर के राजगढ़ रोड़ पर सिया चौधरी पिता प्रमोद चौधरी ने अपने छत पर सकोरे बांधे है. ये दोनों नियमित रूप से उनमें पानी भरती है जिससे ठण्डे पानी को पक्षी पी सकें. चिड़िया रोज उनकी छतों पर आती है और वे उन्हें पानी पिलाती है. सिया भरी धूप पर करीब दो से तीन बार सकोरे में पानी भरती है. अभीभी समय है. **नवभारत अपने सभी सुधि पाठकों से अपील करता है कि अपने घरों, बगीचों, कॉलानियों, पार्कों, सामाजिक और धार्मिक स्थलों पर सकोरे जरूर बांधें.**



प्रियंवदा पाठक, नरसिंहगढ़



सिया चौधरी, ब्यावरा

### कल लगेगा विद्युत शिविर मौके पर होगा निराकरण

**ब्यावरा 18 मई, का.** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (म.प्र.म.क्षे.वि.वि.कं.लि.) ब्यावरा शहर विद्युत केंद्र के अंतर्गत कल एक विशेष जन संपर्क अभियान का आयोजन किया जा रहा है. उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए कल 20 मई को शहर में एक दिवसीय विद्युत कैंप लगाया जाएगा.

शिविर राधाकृष्ण मंदिर के पास, राजगढ़ रोड, ब्यावरा पर सुबह 10.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक लगाया जायेगा. जिसमें वार्ड क्रमांक 02 (रामलाल वार्ड) और वार्ड क्रमांक 04 (बैकुंठ वार्ड)वासियों की समस्याओं का समाधान किया जायेगा. विद्युत कंपनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस जन संपर्क शिविर का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को दफ्तरों के चक्कर काटने से बचाना है. शिविर में मुख्य रूप से वार्ड नंबर 2 और 4 के नागरिकों के बिजली बिलों से जुड़ी शिकायतें, नए कनेक्शन, मीटर संबंधी खराबी और वोल्टेज की समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया जाएगा. विद्युत विभाग के अधिकारियों ने संबंधित वार्डों के उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे कल समय पर पहुँचकर इस शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपनी विद्युत संबंधी समस्याओं का समाधान करवाएं.

---

# पंचायत की मनमानी का खामियाजा भुगत रहे ग्रामीण

## बरूखेड़ी में नाली निर्माण के नाम पर अंधेरगर्दी



नवभारत न्यूज

**पडाना 18 मई, सं.** सारंगपुर जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत नारायणपुर कोलूखेड़ा के गांव बरूखेड़ी में सरपंच प्रतिनिधि की हठधर्मिता और लापरवाही का नंगा नाच चल रहा है. नाली निर्माण के नाम पर गांव का मुख्य मार्ग सहित 50 किसानों के खेतों को जाने वाला रास्ता विगत एक सप्ताह से अधिक समय से खुदा पड़ा है, लेकिन काम पूरा करने की जहमत कोई नहीं उठा रहा.

**जिम्मेदारों के कान पर जूं तक नहीं रेंगी** सप्ताह बीत गए, पर सरपंच प्रतिनिधि के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही. केवल 10 मीटर की नाली का बेस बनाकर छोड़ दिया. खुदे हुए रास्ते से हर दिन महिलाओं को पीने का पानी ढोना पड़ रहा है. कीचड़ और गड्ढों में गिरते–पड़ते महिलाएं किसी तरह अपनी दिनचर्या चला रही हैं. हद तो तब हो गई जब इसी रास्ते पर बने आंगनबाड़ी केंद्र तक मासूम बच्चे जान जोखिम में डालकर पहुंच रहे हैं. कोई बड़ा हादसा हो गया तो जिम्मेदार कौन होगा?

रास्ता बंद होने से कई किसानों का प्याज–लहसुन खेतों और जंगलों में पड़ा है. नाली निर्माण पूरा न होने से किसान अपना भूसा तक घर नहीं ला पा रहे. मजबूरी में मवेशियों को जंगल में ही छोड़ना पड़ रहा है और रात में उनकी पहरेदारी के लिए किसानों को खुले में सोना पड़ रहा है.

**सवालों के घेरे में प्रतिनिधि** ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच प्रतिनिधि की मनमानी के चलते बिना तैयारी के रास्ता खोद दिया गया और अब काम अधूरा छोड़ दिया. एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी एक छोटी नाली तक नहीं बन पाई, तो विकास के बड़े–बड़े दावे कहां गए. क्या गांव के 50 किसानों दर्जनों रहवासियों और आंगनबाड़ी के मासूम बच्चों की परेशानी इन्हें दिखाई नहीं देती. इस मामले में ग्राम पंचायत सचिव का कहना है कि नारायणपुर गांव में पुलिया का काम चल रहा है ठेकेदार द्वारा वहां काम करवाया जा रहा है.

# सीमांकन आवेदन केवल ऑनलाइन लिए जाएंगे

**राजगढ़ 18 मई, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई. जिसमें सीएम हेल्पलाइन, सार्थक पोर्टल, समग्र आईडी ई–केवाईसी, ई–ऑफिस एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विभागवार प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई. बैठक में लंबित प्रकरणों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए. बैठक के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने अनुविभागीय (राजस्वि) अधिकारी ब्यावरा को सीमांकन संबंधी आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार करने के निर्देश दिए तथा ऑफलाइन आवेदन लेने पर रोक लगाने को कहा.

जिससे प्रक्रिया अधिक पारदर्शी एवं व्यवस्थित बन सके. इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले, अपर कलेक्टनर प्रताप सिंह चौहान, संयुक्ता कलेक्टर विरेन्द्र सिंह दांगी, अनुविभागीय (राजस्व ) अधिकारी श्रीमती निधि भारद्वाज, डिप्टीं कलेक्ट्र डॉ. ज्योसति राजोरे सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहें.

# पोती को दुलार करने पर सास को पीटा

## सास के साथ मारपीट करने वाली बहू के विरुद्ध पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 18 मई,का. अपनी पोती को गोद में बिठाकर दुलार करने वाली सास के साथ एक कलयुगी बहु ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दे डाली. पुलिस ने इस मामले में बहु के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है.**

नगर के तुलसीनगर मोहल्ले में रहने वाली 64 वर्षीय संतोषबाई पति रामनाथ शाक्य ने पुलिस को बताया कि वह शनिवार रात अपनी गोद में पोती आराध्या को खिला रही थी. तभी बहु भावना शाक्य ने आकर मैंरी गोदी से पोती को छपट लिया और मैंरे साथ मारपीट कर दी. सास संतोषबाई ने बच्ची को ले जाने का कारण पूछा तो बहु भावना ने गाली–गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट कर दी. बहू ने बच्ची को दोबारा गोद में लेने पर जान से खत्म करने की धमकी भी दी. संतोष बाई की रिपोर्ट पर पुलिस ने बहु भावना के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया है.

### जमीन के बंटवारे को लेकर भाइयों में मारपीट

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 18 मई,का.** जमीन बंटवारे की बात पर दो भाइयों में विवाद मारपीट तक पहुंच गया और बड़े भाई ने छोटे के विरुद्ध पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराकर अपनी शिकायत बताई. जानकारी के अनुसार समीपस्थ ग्राम मोई में बड़े भाई ने छोटे भाई के साथ गाली–गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी पुलिस के अनुसार ग्राम मोई निवासी 35 वर्षीय इन्दर सिंह सौंधिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शनिवार शाम करीब 6 बजे उसने अपने बड़े भाई राधेश्याम सौंधिया से अपने हिस्से की जमीन देने की बात कही तो राधेश्याम सौंधिया ने गालियां देते हुए उसके साथ मारपीट कर दी.

फरियादी का आरोप है कि मारपीट के दौरान उसे जमीन पर पटक दिया. जिससे उसके हाथ और कमर में चोट आई. शोर सुनकर उसका भाई मोहन सिंह तथा दौलजी और प्रेम सिंह मौके पर पहुंचे और बीच–बचाव किया. रिपोर्ट में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपी ने भविष्य में जमीन बंटवारे की बात करने पर जान से खत्म करने की धमकी दी. पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

# खेड़ापति हनुमान मंदिर में भजन संध्या, भजनों पर झूमे श्रोतागण



नवभारत न्यूज

**पडाना 18 मई, सं.** समीप ग्राम मऊ स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर परिसर में रविवार शाम भजन संध्या का आयोजन किया गया. जहां ग्रामीण किशोर सिंह राजपूत सहित गांव के वरिष्ठ जनों एवं समाजसेवियों ने संतों और भजन गायकों का सम्मान कर भजन संध्या कार्यक्रम शुरू किया.

भजन गायक विपिन एल नामदेव के द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी. भजनों की भक्तिमय धुन पर श्रोतागण खूब थिरके और जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा. प्रस्तुति के दौरान खेड़ापति हनुमान मंदिर पुजारी गुरु चरण दास जी महाराज ने श्रोताओं एवं भक्तगणों से कहा कि भजन केवल गीत नहीं बल्कि ईश्वर से जुड़ने का सबसे सरल माध्यम है. उन्होंने श्रोताओं से अपील की कि व्यस्त जीवन में कुछ समय निकालकर प्रभु का स्मरण जरूर करें. इससे मन को शांति मिलती है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है. इस मौके पर गांव के गणमान्य नागरिक, महिलाएं और युवा बड़ी संख्या में मौजूद रहे. देर शाम तक चले इस आयोजन में पूरा माहौल भक्तिमय बना रहा. तत्पश्चात सामूहिक भंडारे का आयोजन किया गया.



# सार्थक पोर्टल पर अटेंडेंस कम निलंबन के आदेश जारी

## आधा दर्जन कर्मचारियों से जवाब तलब, कार्यवाही के निर्देश

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 18 मई, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई. जिसमें सीएम हेल्पलाइन, सार्थक पोर्टल, समग्र आईडी ई–केवाईसी, ई–ऑफिस एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विभागवार प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई. बैठक में सार्थक पोर्टल पर उपस्थिति की समीक्षा के दौरान पशुपालन, आबकारी एवं आयुष विभाग की उपस्थिति संतोषजनक नहीं पाए जाने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने नाराजगी व्यक्त की. नियमित उपस्थिति दर्ज नहीं करने पर सुश्री कुसुम यादव नरसिंहगढ़ को निलंबन नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए. वहीं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सुश्री निर्मा यादव एवं सुश्री पूजा यादव को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए. जिला आयुष अधिकारी डॉ. अनिल जांगोलिया, डॉ. विजेता बरांगे एवं जे.ए. सिविल सप्लावइयर कॉर्पोशन अर्निश खान से भी जवाब तलब किया गया. संबल योजना अंतर्गत अनुग्रह सहायता के एक वर्ष से अधिक समय से लंबित प्रकरणों की गंभीरता से समीक्षा करते हुए कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. साथ ही लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के लिए संबंधित अधिकारियों को समय सीमा निर्धारित कर कार्यवाही करने को कहा.

स्थानीय निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी अनुविभागीय (राजस्वय) अधिकारी को निर्देश दिए कि दावा–आपत्ति संबंधी सभी प्रकरण अनिवार्य रूप से पोर्टल पर दर्ज किए जाएं, जिससे निर्वाचन प्रक्रिया पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके. बैठक में ई–टोकन व्यवस्था की प्रगति पर भी चर्चा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को इसकी साप्ताहिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए. ई–ऑफिस कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देशित किया कि एक विषय से संबंधित केवल एक ही फाइल प्रेषित की जाए, ताकि अनावश्यक पुनरावृत्ति से बचते हुए कार्य में गति एवं पारदर्शिता लाई जा सके.

---

**मारपीट** ▶ **घर में खींचने का प्रयास; डरी बच्ची ने खुद टीआई को फोन कर सुनाई आपबीती**

# घंटी बजाकर भागने के शक में 8 साल की मासूम से बर्बरता

नवभारत न्यूज

**खुजनेर 18 मई, सं.** कस्बे के सदर बाजार क्षेत्र में रविवार को एक बेहद शर्मनाक और हैरान करने वाला मामला सामने आया है. यहाँ घर की घंटी बजाकर भागने के मामूली शक में एक जनरल स्टोर संचालक ने 8 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ बेरहमी से मारपीट कर दी.

आरोपी ने मासूम को जबरन अपने घर के अंदर खींचने का प्रयास भी किया. इस खौफनाक घटना से डरी–सहमी बच्ची ने खुद हिम्मत दिखाते हुए थाना प्रभारी को फोन कर अपनी आपबीती सुनाई, जिसके बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया.

**नाना के घर छुट्टियां मनाने आई है मासूम** पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मूल रूप से खिलचीपुर निवासी 8 वर्षीय बच्ची इन दिनों गर्मी की छुट्टियां बिताने के लिए खुजनेर के सदर बाजार स्थित अपने नाना के घर आई हुई है. रविवार को मोहल्ले के कुछ बच्चे खेल–खेल में लोगों के घरों की डोरबेल (घंटी) बजाकर भाग रहे थे. इसी दौरान क्षेत्र में जनरल स्टोर चलाने वाले राजेश साहू ने इस मासूम बच्ची को पकड़ लिया और घंटी बजाने की बात को लेकर विवाद करने लगा.

**पिता की शिकायत पर मामला दर्ज** देर रात बच्ची के पिता ने खुजनेर थाने पहुंचकर आरोपी राजेश साहू के खिलाफ औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है. पुलिस ने परिजनों के आवेदन और बच्ची के बयानों के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है. घटना के बाद से ही आरोपी फरार बताया जा रहा है. थाना प्रभारी रवि ठाकुर ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें रवाना कर दी गई हैं. जल्द ही उसे अभिरक्षा में लिया जाएगा.




### दरवाजे पर पैर अड़ाकर बच्ची ने खुद को बचाया

परिजनों ने आरोप लगाया कि पूछताछ के बहाने आरोपी राजेश साहू मासूम को जबरन अपने घर के अंदर खींचकर ले जाने लगा. अनहोनी की आशंका में मासूम ने सूझबूझ दिखाई और घर के मुख्य दरवाजे पर अपने पैर अड़ा दिए और मदद के लिए शोर मचाना शुरू कर दिया. बच्ची के विरोध से गुस्साए आरोपी ने उसके सिर और गाल पर कई थप्पड़ जड़ दिए. मासूम की चीख–पुकार सुनकर परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उसे आरोपी के चंगुल से छुड़ाया. इस दौरान परिजनों और आरोपी के बीच तीखी बहस भी हुई.

### टीआई से कहा अंकल, उन्होंने मुझे बहुत मारा

घटना के बाद सहमी हुई बच्ची ने हिम्मत दिखाई और अपने पिता के मोबाइल से सीधे खुजनेर थाना प्रभारी रवि ठाकुर को फोन लगा दिया. बच्ची ने रोते हुए टीआई से कहा अंकल, वो अंकल है ना... मेरे को घर के अंदर ले जाने वाले थे, तो मैंने पैर लगा लिया और गिर गई. उन्होंने मेरे सर में बहुत चांटा दिया, और गाल पे भी मारा. मैंने घंटी नहीं बजाई थी अंकल. मासूम की यह बात सुनकर थाना प्रभारी ने तुरंत मामले को गंभीरता से लिया और कार्रवाई के निर्देश दिए.